सं 11011/30/2025- रा.भा(अनुसंधान)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
*****

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी-2 भवन
जय सिंह रोड, नई दिल्ली – 110001
दिनांक: 24.10.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषयः- राजभाषा विभाग द्वारा संस्कृत के जीवनोपयोगी एवं प्रेरक मंत्रों/श्लोकों पर आधारित पुस्तक के प्रकाशन के लिए विषय-वस्तु आमंत्रित करने की समय-सीमा बढ़ाने के संबंध में।**

भारत की समृद्ध भाषायी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने तथा भाषायी संवर्धन, संरक्षण और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निरंतर विविध कार्यकलाप संचालित किए जा रहे हैं।

2. इसी क्रम में, राजभाषा विभाग द्वारा संस्कृत वाङ्मय में निहित प्रेरक मंत्रों एवं श्लोकों के साथ सरल हिंदी में उनकी व्याख्या को समाहित करते हुए एक विशेष संकलन का प्रकाशन किया जा रहा है जिसके लिए विभाग द्वारा दिनांक 26.09.2025 को समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से सभी विद्वानों, शोधार्थियों, लेखकों सहित आम जन से दिनांक 24.10.2025 तक विषय-वस्तु आमंत्रित की गई थी। **अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विषय-वस्तु आमंत्रित करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15.11.2025 कर दी गई है।**

3. पुस्तक में प्रकाशनार्थ संस्कृत के जीवनोपयोगी एवं प्रेरक मंत्रों/श्लोकों के स्रोत, संदर्भ/उद्धरण (Referencing) एवं सरल हिंदी में व्याख्या/भावार्थ सहित होने अपेक्षित हैं।

4. विषय-वस्तु मंगल फॉन्ट में टाइप की हुई, प्रामाणिक तथा व्याकरणिक एवं तथ्यात्मक दृष्टि से सही होनी चाहिए। पुस्तक की सामग्री के चयन के संबंध में अंतिम निर्णय राजभाषा विभाग का होगा। कृपया अपेक्षित विषय-वस्तु (प्रेषक के फोटो एवं संक्षिप्त परिचय सहित) दिनांक 15.11.2025 तक ई-मेल द्वारा satendra.dahiya@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

24/10/25
(राजेश श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (अनुसंधान)

**प्रतिलिपि:**

1) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इसे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी में लाएं।
2) एन आई सी अनुभाग, राजभाषा विभाग कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।